**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**17.12.2025 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2878 का उत्तर**

**महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के रेलवे स्टेशनों के लिए निःशुल्क वाई-फाई सेवाएँ**

**2878. डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे:**
**श्री निलेश ज्ञानदेव लंके:**
**श्री ज्ञानेश्वर पाटील:**
**श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क)** **निःशुल्क वाई-फाई सेवा वाले रेलवे स्टेशनों की संख्या का ब्यौरा क्या है;**

**(ख)** **क्या सरकार का निःशुल्क वाई-फाई सेवाएँ प्रदान करने और देश के और अधिक स्टेशनों, विशेषकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में इस सुविधा का विस्तार करने का विचार है;**

**(ग)** **यदि हाँ, तो इस संबंध में क्या समय-सीमा और लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं;**

**(घ)** **विगत पाँच वर्षों के दौरान रेलवे स्टेशनों पर निःशुल्क वाई-फाई सुविधा की स्थापना और रखरखाव के लिए कितना बजट आवंटित और उपयोग किया गया है और साथ ही निजी भागीदारी/कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल जैसे अन्य वित्तपोषण स्रोतों का ब्यौरा क्या है;**

**(ङ)** **महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के लिए राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और**

**(च)** **यदि ऐसी कोई योजना नहीं है तो इसके क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (च): भारतीय रेल के लगभग सभी रेलवे स्टेशनों में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा 4जी/5जी कवरेज उपलब्ध है। ये नेटवर्क यात्रियों द्वारा डाटा सम्पर्कता के लिए भी उपयोग किए जा रहे हैं, जिससे यात्रियों के अनुभव में सुधार हुआ है।**

**उपरोक्त के अतिरिक्त, भारतीय रेल के 6117 रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवाएं प्रदान की गई हैं, जिसमें महाराष्ट्र के 569 स्टेशन और मध्य प्रदेश के 405 स्टेशन शामिल हैं।**

**********